Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding status of sanctioned irrigation projects in Khajuraho Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh - laid

श्री विष्णु दत्त शर्मा (खजुराहो): मेरे संसदीय क्षेत्र खजुराहो के अंतर्गत बुंदेलखंड पैकेज आर आर आर एवं अन्य केंद्रीय मद से स्वीकृत सिंचाई परियोजनाओं के लिए सरकार द्वारा अब तक कितनी धनराशि प्राप्त हुई है तथा बुंदेलखंड के किन-किन जिलों में यह योजनाओं के लिए स्वीकृत हुई है । मैं माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि सिंचाई की किन-किन योजनाओं को पूर्ण कर लिया गया है तथा किन कंपनियों में तकनीकी खराबी या ठेकेदारों की मनमानी से गुणवत्ता पूर्ण कार्य नहीं होने के कारण आज भी किसानों को सिंचाई का लाभ नहीं मिल पा रहा है । सिंचाई परियोजना के लिए निर्माण एजेंसी की लापरवाही से कितनी शासकीय राशि की क्षति हुई है सिंचाई संघ रचना वार जानकारी उपलब्ध कराएं तथा कृपया बताएं कि यह राशि किस से कितनी वसूली गई है यदि राशि वसूली नहीं गई तो क्यों यदि वसूली जाएगी तो कब तक क्या इन संरचनाओं को मानक स्तर तक पुनः बनाए जाने हेतु कोई योजना तैयार की गई है ।